दैनिक
न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल
रायगढ़, शनिवार 06 अप्रैल 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# निजी क्षेत्र में पेंशन

सुप्रीम कोर्ट ने निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन में भारी बढ़ोतरी का रास्ता साफ कर दिया है। कुछ व्यावहारिक अड़चनें दूर हो जाएं तो इसका लाभ प्राइवेट सेक्टर के करोड़ों कर्मचारियों को मिलेगा। अभी सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन के बीच कोई तुलना नहीं है। अच्छी-खासी तनख्वाह पाने वाले निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी पेंशन नाममात्र ही मिलती है।

बीते सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) की उस याचिका को खारिज कर दिया, जो उसने केरल हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दी थी। केरल हाईकोर्ट ने रिटायर हुए सभी कर्मचारियों को उनकी पूरी सैलरी के हिसाब से पेंशन देने का आदेश दिया था, जबकि अभी ईपीएफओ द्वारा 15,000 रुपये के बेसिक वेतन की सीमा के आधार पर पेंशन का निर्धारण किया जाता है।


सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद निजी कर्मचारियों के पेंशन की गणना पूरे वेतन के आधार पर होगी। देश में नई अर्थनीति लागू होने के बाद प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी चिंता भी सामने आई, हालांकि सरकार इसे लेकर हमेशा उलझन में ही रहती आई है। 1995 में उसने संगठित क्षेत्र में काम करने वालों के लिए ईपीएस (एंप्लॉयी पेंशन स्कीम) शुरू की थी जिसमें कंपनी को कर्मचारी के मूल वेतन का 8.33 प्रतिशत हिस्सा जमा करना होता था।

फिर इसे 6,500 रुपये का 8.33 पर्सेंट कर दिया गया। इसके बाद नियमों में बदलाव करते हुए कहा गया कि कंपनी और कर्मचारी आपसी सहमति से अपनी सैलरी का जितना भी हिस्सा चाहें, पेंशन फंड में जमा कर सकते हैं। 2014 में ईपीएस कानून में हुए संशोधन के मुताबिक स्कीम में अधिकतम 15,000 रुपये का 8.33 प्रतिशत डालने का नियम बनाया गया।

यह भी तय किया गया कि जो लोग पूरी सैलरी पर पेंशन चाहते हैं, उनका पेंशन योग्य वेतन पांच साल का औसत मासिक वेतन माना जाएगा। इससे पहले नियम था कि एक साल की औसत मासिक सैलरी के आधार पर पेंशन तय की जाएगी। केरल हाईकोर्ट ने 1 सितंबर 2014 को इस संशोधन पर रोक लगा दी। उसने एक साल के औसत मासिक वेतन को फिर से पेंशन की रकम तय करने का आधार बनाया।

इसके करीब दो साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने ईपीएफओ से पूरी सैलरी पर कर्मचारियों की पेंशन की मांग के आवेदन स्वीकार करने को कहा लेकिन ईपीएफओ ने इसमें हीलाहवाली की। आगे सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर ठीक से अमल हो सका और कर्मचारियों को प्रॉविडेंट फंड में जाने वाले अपने वेतन का एक हिस्सा पेंशन फंड में डालने के लिए राजी कराया जा सका तो अधिकतम पेंशन राशि मौजूदा 5180 रुपये से बढ़कर 50,000 रुपये प्रति माह हो जाएगी। लेकिन यहां असल बात यह है कि कर्मचारी इस बदलाव के लिए राजी तभी होंगे, जब इसमें आगे कोई पेच न फंसने की गारंटी खुद केंद्र सरकार लेगी। चुनाव में उतरे सभी राजनीतिक दलों को इस बारे में अपनी स्थिति अभी से स्पष्ट कर देनी चाहिए।

# घर के किराए से सस्ती हो होम लोन की ईएमआई - अरुण जेटली



नई दिल्ली। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा कि सरकार ब्याज दरों में इतनी कटौती करना चाहती है जिससे होम लोन की मासिक किश्त घर के किराए से कम हो जाए। कल रिजर्व बैंक ने दो महीनों में दूसरी बार रेपो रेट में कटौती की है। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा कि आरबीआई के रेपो रेट कम करने का फायदा बैंक ब्याज दर कम करके ग्राहकों को पास करेंगे। बैंक अपने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट्स का रिव्यू करेंगे। एससीएलआर आरबीआई की विकसित की गई एक पॉलिसी है जिसके आधार पर बैंक लोन के लिए ब्याज दर निर्धारित करते हैं। एमसीएलआर की गणना धनराशि की सीमांत लागत, आवधिक प्रीमियम, संचालन खर्च और कैश रिजर्व अनुपात को बनाए रखने की लागत के आधार पर की जाती है। बाद में इस गणना के आधार पर लोन दिया जाता है। आधार दर से एमसीएलआर की दर कम होने की वजह से होम लोन, कार लोन आदि लोन सस्ते होते हैं। जेटली ने कहा कि हमें बैंकों के फैसले का इंतजार करना होगा और कुछ समय बाद यह नजर आएगा।

रिजर्व बैंक ने गुरुवार को मौद्रिक समीक्षा के दौरान लगातार दूसरी बार नीतिगत ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती का ऐलान किया। नीतिगत ब्याज दर या रेपो दर के घटकर छह फीसदी पर आने से बैंकों की उधार लेने की लागत कम होगी। उम्मीद है कि बैंक इस राहत को ग्राहकों तक भी पहुंचाएंगे। इससे बैंक भी ग्राहकों के लिए कर्ज की दरें घटा सकते हैं और आपका होम लोन, ऑटो लोन या पर्सनल लोन सस्ता हो सकता है।

रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर बैंक रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं। इससे पहले आरबीआई ने फरवरी में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी की कटौती की थी। जेटली ने अपने इंटरव्यू में कहा कि जब अटल बिहारी वाजपयी प्रधानमंत्री थे तो होम लोन इतना सस्ता हो गया था कि ईएमआई की लागत घर के किराए की तुलना में कम थी।

# स्मार्टफोन पर 30 अप्रैल के बाद फेसबुक, इन्स्टाग्राम और मैसेंजर नहीं चलेंगे

नई दिल्ली। बेशक आप स्मार्टफोन पर सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म जैसे- facebook, instagram और Massanger आदि का भरपूर इस्तेमाल करेत रहें होंगे. लेकिन अब आपको अपने स्मार्टफोन पर ध्यान देना होगा.

अगर आप विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम से लैस स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते आ रहे हैं तो आप अब आगामी 30 अप्रैल तक ही इसपर फेसबुक, इन्स्टाग्राम या मैसेंजर का इस्तेमाल कर पाएंगे. इसके बाद इस पर ये ऐप काम करने बंद कर देंगे. दरअसल, माइक्रोसॉफ्ट अब विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम युक्त स्मार्टफोन से इन ऐप को अपना सपोर्ट देना बंद करने जा रही है.

# 2018-19 के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म जारी, इस बार देनी होगी नई जानकारियां



नई दिल्ली। पिछले वित्त वर्ष 2018-19 के लिए नए आयकर रिटर्न फॉर्म जारी कर दिए गए हैं. पिछले साल की तुलना में इस बार के आयकर रिटर्न फॉर्म में कई बड़े बदलाव हुए हैं. ऐसे में करदाताओं को पहले के मुकाबले इस बार आयकर रिटर्न फॉर्म में अधिक जानकारियां देनी होंगी. फॉर्म में करतदाताओं से जो नई जानकारियां मांगी गई हैं उनमें भारत में निवास के दिनों की संख्या, अनलिस्टेड शेयर्स की होल्डिंग और टीडीएस होने पर किरायेदार का पैन शामिल है. CBDT की ओर से जारी इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म मुख्य रूप से दो तरह के हैं. ITR-1 फॉर्म सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए होगा जिनकी कुल इनकम 50 लाख रुपये तक है. इस आईटीआर फॉर्म को कोई ऐसा व्यक्ति इस्तेमाल नहीं कर सकता है जो किसी कंपनी का डायरेक्टर है. इसके अलावा जिस शख्स ने अनलिस्टेड इक्विटी शेयर में निवेश किया है उसके लिए भी यह फॉर्म उपयोगी नहीं है.

# ये सरकारी तेल कंपनियां अपने रिटायर कर्मचारियों को दे रही है 1 लाख से ज्यादा का ईनाम

नई दिल्ली। ओएनजीसी, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम सहित सरकारी तेल फर्मों ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई है. ONGC, IOC और BPCL ने अलग से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की योजना पर निर्णय लिया है. इंडियन ऑयल के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस योजना का लक्ष्य अपने वरिष्ठों द्वारा संगठन के निर्माण में दिए गए योगदान को स्वीकार करना है. इसे अल्प पेंशन से अपनी आजीविका चलाने वालों को लाभ होगा. राज्य की तेल कंपनियां पारंपरिक रूप से अन्य क्षेत्रों की कंपनियों की तुलना में अधिक लाभदायक रही हैं और इसलिए सरकार के लिए सबसे बड़ा राजस्व योगदानकर्ता हैं. सभी राज्य चलाने वाली फर्म कर्मचारी लाभ पर सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों का पालन करती हैं, और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मुआवजा नीति में कोई महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए सरकार की अनुमति की आवश्यकता होती है.

# लसिथ मलिंगा ने 24 घंटे के भीतर खेला टी-20 और वनडे, झटके कुल 10 विकेट



नई दिल्ली (आरएनएस)। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने कमाल कर दिया। उन्होंने महज 24 घंटे के अंदर दो देशों में दो अलग-अलग टूर्नमेंट्स में दो मैच खेले- एक टी-20 और एक वनडे (50 ओवर)। यही नहीं, इस दौरान उन्होंने 10 विकेट भी चटकाए। मलिंगा ने बुधवार को मुंबई इंडियंस के लिए चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मैच खेला। इसके बाद वह स्वदेश लौट गए, जहां उन्होंने 50 ओवर का एक मुकाबला खेला।


मुंबई इंडियंस के लिए मलिंगा ने दमदार गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवरों में 34 रन देकर 3 विकेट बड़े (शेन वॉटसन, केदार जाधव और ड्वेन ब्रावो) लिए थे। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया था, जहां रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नै सुपर किंग्स को 37 रनों से हराया था।

# भारतीय फुटबाल टीम के कोच पद के लिये 250 से अधिक आवेदन



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय फुटबाल टीम के हाल में अच्छे प्रदर्शन का असर के चलते पुरूष टीम के मुख्य कोच पद के लिये 250 से अधिक आवेदन आये हैं जिनमें यूरोप के कुछ बड़े नाम भी शामिल हैं। यह पद स्टीफन कान्सटेनटाइन के त्यागपत्र देने से खाली पड़ा है। उन्होंने भारतीय टीम के एएफसी एशियाई कप के नाकआउट में जगह नहीं बना पाने के बाद पद छोड़ दिया था। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के सूत्रों ने हाल की अटकलबाजियों के विपरीत इसका खंडन किया वे किसी नामी कोच को ही यह पद सौंपने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हाल में एआईएफएफ महासचिव कुशाल दास ने भी कहा कि वे टीम की जरूरतों के हिसाब से कोच की नियुक्ति करेंगे।

# पिच ने हमें काफी हैरान किया:रिकी पॉन्टिंग



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट की हार के बाद पिच को कोसा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की धीमी पिच की उम्मीद नहीं थी और फिरोजशाह कोटला की इस पिच ने उन्हें काफी हैरान किया। मैच में दिल्ली की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी (21 रन पर दो विकेट), भुवनेश्वर कुमार (27 रन पर दो विकेट) और सिद्धार्थ कौल (35 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 129 रन ही बना सकी। इसके जवाब में हैदराबाद की टीम ने नौ गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 131 रन बनाकर जीत दर्ज की। पॉन्टिंग ने मैच के बाद स्वीकार किया कि विरोधी टीम के गेंदबाजों ने इस पिच पर काफी बेहतर गेंदबाजी की। हालांकि इस तरह की पिच को देखकर वह हैरान भी थे। पॉन्टिंग ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि इस पिच पर उन्होंने काफी समझदारी से गेंदबाजी की। यह कहना सही होगा कि इस विकेट ने हमें काफी हैरान किया। मैच से पहले मैदानकर्मियों से बात की थी तो उन्होंने उम्मीद जताई थी कि यह अब तक हुए तीन मैचों में सर्वश्रेष्ठ पिच होगी लेकिन गेंद नीची रह रही थी और स्पिन हो रही थी।'

# यथार्थबोध से पश्चाताप

महर्षि परुच्छेप सरस्वती के वरद पुत्र थे। वह अपने शिष्यों को धर्मानुसार जीवन बिताने की प्रेरणा दिया करते थे। सुपर्ण भी महर्षि के मेधावी शिष्यों में था। एक दिन उसने देखा कि गुरुदेव ने एक याचक पर दया कर उसके लोहे के भिक्षापात्र को पारस पत्थर का स्पर्श कराकर स्वर्ण में बदल डाला। सोने के भिक्षापात्र ने सुपर्ण के मन में हलचल मचा दी। उसने कहा, गुरुदेव, यदि आप मेरे लिए लौहखंडों को स्वर्ण बनाने की कृपा करें तो मैं कुछ समय तक ऐश्वर्यपूर्ण जीवन का आनंद ले सकता हूं। महर्षि शिष्य को संसार की वास्तविकता दिखाने देशाटन पर निकल गए। सुपर्ण ने देखा कि लोग धन-संपत्ति के लिए घृणित से घृणित दुष्कर्म करने को तैयार हैं। वापस आश्रम लौटकर महर्षि ने सुपर्ण से पूछा, संसार तुम्हें कैसा लगा? उसने कहा, गुरुदेव, बड़े-बड़े विद्वान तक धन-संपत्ति के लिए पतनोन्मुख होने को तत्पर दिखाई दिए। सद्गृहस्थ माने जाने वाले लोग भी पारस पत्थर के बदले पतिव्रता पत्नी को सौंपने को तैयार थे।

# आंद्रे रसल से हो सकता है आरसीबी को सबसे ज्यादा खतरा



नई दिल्ली (आरएनएस)। क्रिकेट को वैसे तो टीम गेम माना जाता है, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि टीम का कोई खिलाड़ी गेम चेंजर की भूमिका निभा सकता है। कोलकाता नाइट राइडर्स की बात करें तो उसके लिए गेम चेंजर की भूमिका में ऑलराउंडर आंद्रे रसल हैं। केकेआर का अगला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ है।

इस मैच में आंद्रे विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम के लिए खतरा साबित हो सकते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है आंद्रे रसल की विस्फोटक फॉर्म। कैरेबियाई ऑलराउंडर ने इस सीजन में अब तक नाबाद 49, 48 और 62 रन की पारी खेली है। इसके अलावा उन्होंने 5 विकेट भी झटके हैं।

सीजन के पहले मैच में तो उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आखिरी के ओवरों में मैच पलट दिया था और महज 19 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्के की मदद से नाबाद 49 रन बनाते हुए विपक्षी टीम के जबड़े से जीत छीन ली थी।

उनकी फॉर्म का अंदाजा तो इसी से लगाया जा सकता है कि टूर्नमेंट के सीजन में वह अब तक सबसे अधिक 15 छक्के लगा चुके हैं। उन्होंने 3 मैच की 3 पारियों में 159 रन बनाए हैं। उनका औसत जहां 79.50 का है।

## आज का राशिफल

मेषः व्यर्थ की उलझनों के कारण तनाव हो सकता है। ोध और वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य विलंब से पूरे होंगे। भागदौड़ की स्थिति रहेगी।

वृषभः आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मित्रों के सहयोग से सफलता मिलेगी, मंगलमय दिन व्यतीत होगा। अधिकारियों से सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुनः रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे, अधिकारी वर्ग अथवा वरिष्ठ व्यक्ति यों के सहयोग से सफलता मिलेगी। शत्रु पराजित होंगे, मन प्रसन्न रहेगा।

कर्कः भाग्य आज आपकी सहायता करेगा, नए कारोबार अथवा निवेश में लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, पुराने मित्रों से भेंट होगी।

सिंहः स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, विरोधी सक्रिय रहेंगे। वाहन तेज न चलाएं, मित्रों द्वारा तनाव की स्थिति बनेगी। आर्थिक मामलों में कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय ना लें।

कन्याः दिया गया कर्ज वापस मिलेगा, दैनिक रोजगार में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

तुलाः बुद्धि कौशल से विरोधी परास्त होंगे, धन प्राप्ति एवं यात्रा में सफलता का योग बन रहा है। उधार दिया गया धन प्राप्त होगा।

वृश्चिकः संतान से आज सुख और सहयोग मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। कारोबार में लाभ का योग है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा।


धनुः आज वाणी और ोध पर संयम रखें। वाद-विवाद से बचें, शत्रु हावी होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति के कारण तनाव हो सकता है। सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं। जोखिम वाले काम से बचें।

मकरः आज आपके परा म में वृद्धि होगी। कुल मिलकार दिन आपको लिए शुभ रहेगा। यात्रा से लाभ होगा, रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभः लेन-देन में सावधानीपूर्वक काम करें। आज लापरवाही से दुर्घटना का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, कर्ज देने से बचें। ईश्वर का ध्यान करें और दिन संयम पूर्वक बिताएं।

मीनः आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। दिन सुखमय गुजरेगा और और आपके सभी काम समय पर पूरे होंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा। शत्रु निर्बल रहेंगे, रुके हुए कार्य संपन्न होंगे।

## पोटैटो हलवा बनाने की विधि जानिए



**वैसे तो आलू की सब्जी कई तरीकों से बनाई जाती है पर आज हम आपको शाही पोटैटो हलवा की रेसिपी बताने जा रहे हैं, जिसे आप आसानी से घर पर बना सकती हैं.**

सामग्री :

- 250 ग्राम आलू
- 1 कटोरी शकर
- एक बड़ा चम्मच घी
- 1/2 चम्मच इलायची पाउडर
- 4-5 काजू
- बादाम बारीक कटे हुए
- 8-10 किशमिश (कुछ देर पानी में गली हुई)।

बनाने की विधि :

सर्वप्रथम आलू को उबालकर छिलके उतारकर बारीक मैश कर लें.

अब एक कड़ाही में एक चम्मच घी डालकर मैश किए हुए आलू को धीमी आंच पर गुलाबी होने तक सेंक लें.

उसके बाद शकर डालकर 10-15 मिनट तक चलाएं.

शकर अच्छी तरह घुल जाने पर बारीक कटे बादाम, काजू, इलायची पावडर और किशमिश डाल दें.

लीजिए आपके लिए तैयार है स्वादिष्ट पोटेटो हलवा.


## शब्द सामर्थ्य-25

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 24 का हल



## सू-दोकू-25

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 24 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |